**भारत सरकार**

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय**

**कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 347**

**19 नवंबर, 2019 को उत्तरार्थ**

**विषय: प्रधानमंत्री किसान योजना हेतु पात्र किसान**

**347. श्री चुन्नी लाल साहुः**

**क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पात्र किसानों के नामों को सूचीबद्ध करके राज्य सरकारों द्वारा पात्र किसानों के लाभ हेतु कोई ठोस कदम उठाए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/जिले-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा कितने पात्र किसानों को सूचित और सूचीबद्ध किया गया है और कितने पात्र किसानों को किसान सम्मान धनराशि वितरित की गई थी;

(घ) अब तक लाभान्वित किसानों का जिले-वार/क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इस पर उचित कार्रवाई नहीं करने के क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेंद्र सिंह तोमर)**

**(क) और (ख)** जी हां, राज्य गांव के पात्र लाभार्थी भूमिधारक किसान परिवारों का डेटाबेस तैयार करते हैं जिसमें लाभार्थियों के नाम आयु, लिंग, श्रेणी (अनु.जा./अनु.ज.जा.), आधार सं., बैंक खाता सं. और मोबाइल सं. होती है। इस योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के पात्र भूमिधारक किसान परिवार की पहचान करने की जिम्मेदारी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार की होती है। पात्र लाभार्थियों की सूचियां गांव स्तर पर प्रकाशित की जाती हैं। वे लाभार्थी जिनके नाम किसी विशेष चार माह की अवधि/त्रैमासिक रूप में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा तैयार किए गए पीएम-किसान पोर्टल पर अपलोड किए जाते हैं, वे उस तिमाही के लिए लाभ और आगे तत्पश्चाती तिमाही से संबंधित किस्तों को प्राप्त करने हेतु पात्र होंगे। दिनांक 15.11.2019 की स्थिति के अनुसार राज्य द्वारा अपलोड किए गए लाभार्थियों का विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

**(ग)** छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा 19,00,761 पात्र किसानों का डेटा अपलोड किया गया है और छत्तीसगढ़ राज्य के 14,82,417 किसान परिवारों को लाभ दिए गए हैं। राज्य द्वारा उनके डेटा को सही कर दिए जाने के बाद शेष लाभार्थियों को किस्तों का भुगतान कर दिया जाएगा।

**(घ)** छत्तीसगढ़ राज्य के लाभार्थियों का जिलावार विवरण अनुबंध-II में दिया गया है।

**(ङ)** प्रश्न नहीं उठता।

अनुबंध -I

पीएम-किसान के तहत राज्यों द्वारा अपलोड किए गए लाभार्थियों की सूची दिनांक 15-11-2019 की स्थिति के अनुसार

| क्र.सं. | राज्य | प्राप्त डेटा |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान व नोकोबार द्वीप समूह | 16,684 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 46,86,448 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 47,056 |
| 4 | असम | 36,39,416 |
| 5 | बिहार | 47,89,031 |
| 6 | चंडीगढ़ | 462 |
| 7 | छत्तीसगढ | 19,00,761 |
| 8 | दादर और नागर हवेली | 9,968 |
| 9 | दमन और दीव | 3,483 |
| 10 | दिल्ली | 12,914 |
| 11 | गोवा | 6,906 |
| 12 | गुजरात | 48,91,271 |
| 13 | हरियाणा | 15,52,692 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 8,61,534 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 9,76,065 |
| 16 | झारखंड | 17,56,458 |
| 17 | कर्नाटक | 48,31,487 |
| 18 | केरल | 29,40,324 |
| 19 | लक्षद्वीप | 1,699 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 57,35,453 |
| 21 | महाराष्ट्र | 81,14,286 |
| 22 | मणिपुर | 89,898 |
| 23 | मेघालय | 67,394 |
| 24 | मिजोरम | 77,094 |
| 25 | नागालैंड | 1,70,466 |
| 26 | ओडिशा | 32,31,978 |
| 27 | पुडुचेरी | 9,127 |
| 28 | पंजाब | 23,70,077 |
| 29 | राजस्थान | 57,55,868 |
| 30 | सिक्किम | 11,048 |
| 31 | तमिलनाडु | 34,99,939 |
| 32 | तेलंगाना | 36,02,375 |
| 33 | त्रिपुरा | 1,93,590 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 2,15,91,954 |
| 35 | उत्तराखंड | 7,06,428 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 0 |
| | **कुल योग :** | **8,81,51,634** |

**लो.स.अ.प्र.सं.347**

अनुबंध-II

| पीएम-किसान के तहत छत्तीसगढ़ के जिलेवार लाभार्थी<br>दिनांक 16.11.2019 की स्थिति के अनुसार | | |
|---|---|---|
| क्रम सं0 | जिला | लाभार्थियों की संख्या जिन्हौंने भुगतान प्राप्त किया |
| 1 | बालोद | 99059 |
| 2 | बालोदा बाजर | 89031 |
| 3 | बलरामपुर | 41747 |
| 4 | बस्तर | 41745 |
| 5 | बेमेतरा | 86831 |
| 6 | भाटापारा | 0 |
| 7 | बीजापुर | 7610 |
| 8 | बिलासपुर | 53255 |
| 9 | दंतेवाड़ा | 10998 |
| 10 | धमतरी | 64007 |
| 11 | दुर्ग | 64279 |
| 12 | गरियाबंद | 59940 |
| 13 | जांजगीर-चंपा | 53701 |
| 14 | जशपुर | 59587 |
| 15 | कबीरधाम | 53542 |
| 16 | कांकेर | 60014 |
| 17 | कोण्डागांव | 24932 |
| 18 | कोरबा | 42231 |
| 19 | कोरिया | 33162 |
| 20 | महासमुंद | 86934 |
| 21 | मुंगेली | 46613 |
| 22 | नारायणपुर | 6835 |
| 23 | रायगढ़ | 82784 |
| 24 | रायपुर | 68069 |
| 25 | राजनंदगांव | 118006 |
| 26 | सुकमा | 13003 |
| 27 | सूरजपुर | 53119 |
| 28 | सरगुजा | 61383 |
| | सकल योग | 1482417 |

******